pan>

Title: Demand to conduct CBI enquiry into the alleged incident of police atrocities in Kawardha Kabirdham district in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्री संतोष पान्डेय (**राजनंदगाँव**): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए कीमती समय दिया । मेरा संसदीय क्षेत्र राजनंदगाँव में एक जिला कबीरधाम कवर्धा पड़ता है । कवर्धा में जो 5 तारीख की घटना हुई, उस ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । 5 तारीख की घटना में पुलिस ने पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की, बर्बर लाठीचार्ज किया और इतना ही नहीं, 75 से अधिक लोगों को जेल में बंद किया गया । वे 22-25 दिन बाद वहां से छूटकर आए ।

महोदय, जितने भी वहां के जनप्रतिनिधि हैं, चाहे पूर्व सांसद हों, जिला के अध्यक्ष हों, प्रदेश के मंत्री हों, जितने भी हमारे पदाधिकारी हैं, ऐसे सब लोगों को अंदर किया गया । मेरे ऊपर स्वयं **10** धारायें लगाई गई हैं, बलवा की धारा लगाई गई है । छत्तीसगढ़ के सभी आरक्षी केंद्रों में लिखा है, जो इसका मूलमंत्र है, "परित्राणाय साधूनाम्" । आज वास्तव में साधुओं के परित्राण के लिए जिस प्रकार से वहां पुलिस काम कर रही है, उससे ऐसा लगता नहीं है । मैं कहना चाहूंगा कि इसमें दूध का दूध और पानी का पानी हो और इसकी निष्पक्ष जांच हो । वहां लोक अभियोजक बाहर से बुलाया गया और बहुसंख्यक समुदाय के विरोध में अल्पसंख्यकों का पक्ष लेते हुए उन्होंने जिस प्रकार से वहां प्रस्तुति दी, यह सारी घटना पक्षपातपूर्ण दिख रही है । आज पूरे छत्तीसगढ़ की जनता क्षुब्ध है । वहां असलहे, पेट्रोल की शीशियां, हथियार जो मदरसों से मिले हैं, उनको लावारिस बता दिया गया और झूठे प्रकरण बनाए गए ।

महोदय, मेरी मांग है कि जितने भी लोग प्रताड़ित हुए हैं, जो जेल के अंदर थे, उनके सारे प्रकरण समाप्त किए जाएं और सीबीआई की जांच हो । इसके

द्वारा सब प्रकार से प्रकरण की जांच की जाए और केस समाप्त किए जाएं । मेरा आपसे यही निवेदन है ।